आईआईएम रांची में ई-सिंपोजियम का आयोजन

महिला उद्यमी बोलीं- उद्यमशीलता की यात्रा रोलर कोस्टर की तरह

सिटी रिपोर्टर.रांची

आईआईएम रांची में ई सिंपोजियम का आयोजन हुआ, जिसका नाम 'वीमेन ऑफ फेथ सिरीज टू' था। इसमें देश की जानीमानी महिला उद्यमी दीपमाला, शैली, नीता अदप्पा मौजूद थीं। इन्होंने अपने-अपने व्यावसायिक सफर के उतार-चढ़ाव को स्टूडेंट्स के साथ शेयर किया। दीपमाला ने बताया कि उद्यमशीलता की यात्रा एक रोलर कोस्टर की सवारी की तरह होती है। मैंने अपना काम काफी कम संसाधनों के साथ शुरू किया था। कोई ब्रांड नहीं था, लेकिन कॉन्फिडेंस था। अन्य स्पीकर्स ने भी सफलता प्राप्त करने के मंत्र बताए। कहा, सफलता के लिए निरंतर सीखना, टीम निर्माण, छोटे-छोटे कदम उठाना, रणनीति बनाना, नए लक्ष्य हासिल करना महत्वपूर्ण होता है। आईआईएम रांची के डायरेक्टर डॉ. शैलेंद्र सिंह ने लीडरशिप पॉलिसी के बारे में बताया।

Dainik bhaskar, 28.08.2020, Pg no. 04